[2015] 14 एस. सी. आर 374

जुपुडी पारधा सारथी

बनाम

पेन्टापट्टी रामकृष्णनंद व अन्य

(सिविल अपील सं. 375/2007)

06 नवंबर, 2015

[एम. वाई. ईक्बाल और सी. नागप्पन, जे. जे.]

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 - धारा 14 (1)- हिंदू महिला का अधिकार -यदि वादग्रस्त संपत्ति को पति द्वारा अपनी पत्नी को उसके जीवन काल में भरण पोषण के रूप में उपयोग एवं उपभोग के लिए वसीयत में दी गई है, तब धारा 14 (1) के प्रावधानानुसार वादग्रस्त संपत्ति पर उसका सीमित अधिकार पूर्ण अधिकार बन जाता है।

याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने, निर्णीत किया:

1. हिन्दू विधि का यह स्थापित सिद्धान्त हें कि पति का यह निजी दायित्व हे कि वह अपनी पत्नी का भरण पोषण करे और यदि पति के पास संपत्ति हे तो पत्नी को उक्त संपत्ति में से भरण पोषण प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है । यह भी स्थापित सिद्धान्त हे कि हिन्दू महिला का भरण पोषण का अधिकार मात्र कोई औपचारिकता नहीं है जिसे सिर्फ रियायत,

अनुग्रह अथवा उपकार के रूप में इस्तेमाल किया जाए, परंतु यह एक मूल्यवान, आध्यात्मिक और नैतिक अधिकार है। हालांकि एक विधवा का भरण पोषण प्राप्त करने का अधिकार, उसके पति कि संपत्ति पर कोई अधिकार पैदा नहीं करता हे लेकिन निश्चित रूप से एक विधवा भरण पोषण का अधिकार उत्पन्न कर न्यायालय से भरण पोषण की डिक्री प्राप्त कर सकती हे। हिंदू विवाहित महिला का प्रथक, भरण पोषण और निवास का अधिकार अधिनियम, 1946 बनाकर ऐसे अधिकार को वैधानिकता दी गई थी, और, इसलिए, इसमे कोई संदेह नहीं हे की भरण पोषण का अधिकार पहले से ही मौजूद अधिकार है। [पैरा15,16] [388-डी-जी]

2. हस्तगत प्रकरण में, वसीयत 1920 में निष्पादित की गई थी, जिसमें 'एसआर' ने उल्लेख किया है कि उनकी पहली पत्नी की मृत्यु हो गई थी, दूसरी पत्नी को दो बेटे और एक बेटी हुई। इसके बाद, दूसरी पत्नी की भी मृत्यु हो गई। इसके बाद उसने 'वी' से तीसरी पत्नी के रूप में शादी की, जो जीवित है। वसीयत के निष्पादक ने अपने स्वामित्व वाली संपत्तियों के विवरण का उल्लेख भी किया है। उसने वसीयत में विशेष रूप से उल्लेख किया है कि उसकी तीसरी पत्नी 'वी', कम्पाउन्ड में स्थित टाइल वाले घर को जीवन भर इस्तेमाल कर सकेगी। वसीयत में यह भी उल्लेख किया गया कि विधवा 'वी' को एक अन्य घर के पिछवाड़े में स्थित कुएँ से पानी भरने का अधिकार भी प्राप्त होगा। दूसरे शब्दों में, वसीयत के निष्पादक ने वादग्रस्त संपत्ति में अपनी तीसरी पत्नी के जीवन काल में

उसके भरण पोषण के लिए व्यवस्था कर दी थी। ना तो वसीयत की प्रामाणिकता विवादित है और ना ही यह विवादित है कि 'वी' भरण पोषण के रूप में संपत्ति से लाभ प्राप्त कर रही थी। जब तक कि पत्नी के पक्ष में संपत्ति की वसीयत करने के तथ्य और लगातार आधिपत्य विववादित नहीं हुआ तब तक अभिवचन और साबित करने का प्रश्न उत्पन्न नहीं हुआ था। इसके अलावा, 'एस. आर.', संपत्ति के मूल मालिक, को निर्विवाद रूप से, इस तथ्य का एहसास था कि उसकी पत्नी 'वी' संतानहीन थी जिसे उसकी संपत्ति में भरण पोषण के पूर्व-वियमान अधिकार प्राप्त है। उसको यह भी एहसास था कि वह शारीरिक रूप से कमजोर है और लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकता हैं। इसलिए उसने अपनी संपत्ति को अपने परिवार के सदस्यों को देने का फैसला किया।

निर्विवादित रूप से, किसी ने भी वसीयत में की गई व्यवस्थाओं पर कोई विवाद नहीं किया और 'वी' ने उक्त संपत्ति का उपभोग करना जारी रखा। उपरोक्त स्वीकृत स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अधिनियम की धारा 14 (1) के प्रावधान अनुसार, विधवा का वादग्रस्त संपत्ति के संबंध में सीमित अधिकार एक पूर्ण अधिकार बन गया। हालांकि प्रदर्शनी ए-2 में ऐसा कोई विशिष्ट शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है कि भरण पोषण के एवज़ में 'वी' के पक्ष में कोई अधिकार उत्पन्न हो गया हे, परंतु उसके भरण पोषण के पूर्व-वियमान अधिकार से जो भी एक सीमित अधिकार उसके पक्ष में उत्पन्न हुआ था, वही हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा

14 (1) के लागू होने से एक सम्पूर्ण अधिकार बन गया है [पैरा 21, 31 से 34] [394 - ए-डी; 401-बी-सी, डी-ई, एफ-जी; 402-बी-सी]

निर्मल चंद बनाम विद्या वंती (1969) 3 एस. सी. सी. 628; थोटा शेषरथम्मा बनाम थोटा माणिक्यम्मा 1991 (3) एससीआर 717:(1991)4 एससीसी 312- निर्भरता रही।

जी. रामा बनाम टीजी शेषगिरी राव 2008 (10) एससीआर 152: (2008) 12 एस. सी. सी. 392; मास्टर कर्मी बनाम.अमरू व अन्य ए. आई. आर 1971 एस. सी. 745 - लागू नहीं होना निर्णीत किया गया।

साधु सिंह बनाम गुरुद्वारा साहिब नरीके 2006 (5) suppl॰ एस. सी. सी. 75 – भेद किया गया

वी. तुलासम्मा व अन्य बनाम शेषा रेड्डी (मृत) जरिये विधिक प्रतिनिधियों के, AIR 1977 SC 1944 : 1977 (3) एससीआर 261; आर. बी. एस. एस. मुन्नालाल व अन्य बनाम एस. एस. राजकुमार व अन्य ए. आई. आर 1962 एस. सी. 1493: 1962 suppl॰ एस. सी. आर. 418; शकुंतला देवी बनाम कमला व अन्य (2005) 5 एस. सी. सी. 390; संतोष व अन्य बनाम सरस्वतीबाई व अन्य 2007 (12) एससीआर 375 : (2008) 1 एस. सी. सी. 465; सुभान राव व अन्य बनाम पार्वती बाई व अन्य (2010) 10 एस. सी. सी. 235; श्री रामकृष्ण मठ बनाम एम. महेश्वरन व अन्य 2010 (11) एससीआर 1157: (2011) 1 एस. सी.

सी. 68; नजर सिंह व अन्य बनाम जगजीत कौर और अन्य 1995 (5) suppl॰ एससीआर 162: (1996) 1 एससीसी 35- संदर्भ प्राप्त किया गया॰

नज़ीरें जिनसे सहायता प्राप्त की गई

1977 (3) एससीआर 261, संदर्भ प्राप्त किया गया	पैरा 9
ए. आई. आर 1971 एस. सी. 745, लागू नहीं होना निर्णीत	पैरा 9
2008 (10) एससीआर 152, लागू नहीं होना निर्णीत	पैरा 14
1962 suppl॰ एससीआर 418, संदर्भ प्राप्त किया गया	पैरा 22
(1969) 3 एस. सी. सी. 628, भरोसा किया गया	पैरा 23
1991 (3) एससीआर 717, भरोसा किया गया	पैरा 24
(2005) 5 एस. सी. सी 390, संदर्भ प्राप्त किया गया	पैरा 25
2007 (12) एससीआर 375, संदर्भ प्राप्त किया गया	पैरा 26
(2010) 10 एस. सी. सी. 235, संदर्भ प्राप्त किया गया	पैरा 26
2010 (11) एससीआर 1157, संदर्भ प्राप्त किया गया	पैरा 26
1995 (5)suppl॰एससीआर 162, संदर्भ प्राप्त किया गया	पैरा 29
2006 (5)suppl॰ एस.सी.आर.799, भेद किया गया	पैरा 30

सिविल अपीलीय न्यायनिर्णयः सिविल अपील सं॰ 375/ 2007

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय, हैदराबाद द्वारा प्रथम अपील संख्या 1774/1991 में पारित निर्णय एवं आदेश दिनांक 21.09.2006 को पारित निर्णय और आदेश से।

अपीलार्थियों की ओर से अधिवक्ता के. वी. विश्वनाथन, वरिष्ठ अधिवक्ता , ए. रमेश, आर. चंद्रचूड़, रवि रघुनाथ, सिद्धांत बक्शी, सैयद अहमद नकवी, शिल्पी गुप्ता (सुश्री जी. माधवी के लिए)

प्रत्यर्थीगण की ओर से अधिवक्तागण के. राममूर्ति, ए. टी. एम. रंगा रामानुजम, वरिष्ठ अधिवक्ता, एस. कुमार, हितेश कुमार शर्मा, एम. कृष्णन, वी अधिमूलम (सुश्री अनु गुप्ता के लिए), के. शिवराज चौधरी,

न्यायालय का निर्णय निम्नानुसार सुनाया गया -

एम. वाई. एक्बाल, जे.

1. यह अपील विशेष अनुमति द्वारा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के दिनांकित 21.9.2006 के आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत की गई हे, जिसमे एकल न्यायाधीश द्वारा प्रतिवादी सं. 1 द्वारा दायर की गई अपील को स्वीकार कर अपिलार्थी द्वारा प्रस्तुत मूल वाद में विचारण न्यायालय के निर्णय और डिक्री को अपास्त किया।

2. एकमात्र प्रश्न जिस पर विचार करने की आवश्यकता है वह यह हे कि क्या उच्च न्यायालय द्वारा हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 14 (संक्षेप में 'अधिनियम') के प्रावधानों की व्याख्या कानूनी रूप से सही की

है, जिसमे उच्च न्यायालय द्वारा निर्णीत किया गया हे कि मृतक पी. वेंकट सुब्बा राव की विधवा द्वारा अधिनियम की धारा 14 के प्रावधान अनुसार संपत्ति में पूर्ण हित अर्जित कर लिया है।

3. यह निर्विवाद तथ्य यह है कि उक्त वादग्रस्त संपत्ति मूल रूप से पी. वेंकट सुब्बा राव के स्वामित्व की थी, जिसकी तीन पत्नियाँ थी। इनमे से सिर्फ दूसरी पत्नी को दो पुत्र, जिसमें प्रतिवादी नरसिम्हा राव भी शामिल था, और एक पुत्री प्राप्ति का सौभाग्य मिला। वीरराघवम्मा उक्त पी. वेंकट की तीसरी पत्नी थी लेकिन उसे कोई संतान प्राप्ति नहीं हुई। पी. वेंकट सुब्बाराव ने वर्ष 1920 में एक वसीयत (Exh.A2) अपनी पत्नी वीराघवम्मा के पक्ष में निष्पादित की, तत्पश्चात वीराघवम्मा ने दिनांक 14.7.1971 एक वसीयत प्रतिवादी पेंटापति सुब्बा राव के पक्ष में निष्पादित की और उसके बाद वर्ष 1976 में उसकी मृत्यु हो गई। प्रतिवादी का यह कहना है कि उक्त पी. नरसिम्हा राव को वादी के पक्ष में संपत्तियों को हस्तांतरित करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है।

4. वादी -अपीलार्थी का कहना है की कि उसने वादग्रस्त संपत्ति को पी. नरसिम्हा राव से खरीदा है, जिसके वसीयतकर्ता की पत्नी वीराघवम्मा की मृत्यु पश्चात उक्त वादग्रस्त संपत्ति में अधिकार निहित हुये थे। वादी-अपीलार्थी के अनुसार, वीराघवम्मा ने अपने जीवनकाल के दौरान वादग्रस्त संपत्तियों का उपयोग एवं उपभोग किया और उसकी मृत्यु के पश्चात उक्त संपत्ति का हस्तांतरण वादी के विक्रेता को प्राप्त हुआ।

5. निचली अदालत ने दोनों पक्षों के निर्विवाद मामले को रेखांकित किया कि स्वर्गीय पी. वेंकट सुब्बा राव ने वीराघवम्मा के पक्ष में वसीयत (Exh.A2) निष्पादित की, परंतु वीराघवम्मा के पास उक्त संपत्ति के उपयोग एवं उपभोग के सीमित अधिकार प्राप्त थे और वीराघवम्मा मृत्यु पश्चात पी. नरसिम्हा राव को उक्त संपत्ति के उपयोग एवं उपभोग के पूर्ण स्वामित्व अधिकार प्राप्त हुये। हालांकि, निचली अदालत ने माना कि वीराघवम्मा को वसीयत से प्राप्त संपत्ति के उपयोग एवं उपभोग का अधिकार अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत पूर्ण स्वामित्व में तब्दील नहीं हुआ और पी. नरसिम्हा राव के पक्ष में वादग्रस्त संपत्ति के संबंध में निहित अधिकार समाप्त नहीं हुये, तदनुसार, वाद डिक्री किया गया।

6. निचली अदालत के फैसले से व्यथित हो कर प्रतिवादी संख्या 1 –पी सुब्बा राव ने उच्च न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की। उच्च न्यायालय द्वारा अपील स्वीकार कर ट्रायल कोर्ट के निर्णय व डिक्री को अपास्त कर यह अभिनिर्धारित किया कि वीराघवम्मा को अधिनियम कि धारा 14(1) के आधार पर वादग्रस्त संपत्ति का सम्पूर्ण स्वामित्व प्राप्त हो गया और उसे पी. सुब्बा राव, जो प्रदर्श बी 1 एवं बी 2 में प्रथम प्रतिवादी था, के पक्ष में उक्त संपत्ति को वसीयत करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त था।

7. अतः विशेष अनुमति से वादी द्वारा यह वर्तमान अपील प्रस्तुत की गई। उच्च न्यायालय के समक्ष अपील के लंबित रहने के दौरान प्रथम प्रतिवादी की मृत्यु हो गई और उसके विधिक प्रतिनिधि को अभिलेख पर

लाया गया जो वर्तमान अपील में रेस्पोंडेंट संख्या 1 से 3 के रूप में उल्लेखित हैं। रेस्पोंडेंट संख्या 4 प्रतिवादी संख्या 3 हे, और रेस्पोंडेंट संख्या 5, जो की प्रतिवादी संख्या 4 था, की अपील के लंबन काल के दौरान मृत्यु हो जाने पर उसके विधिक प्रतिनिधि, को अभिलेख पर लाया गया। प्रतिवादी संख्या दो की मृत्यु वाद के लंबन काल के दौरान होने पर अन्य रेस्पोंडेंट को प्रतिवादी संख्या दो के विधिक प्रतिनधि के रूप में अभिलेख पर लाया गया। चूंकि रेस्पोंडेंट संख्या 4 ने वाद ग्रस्त दुकान को खाली कर दुकान का कब्जा दिनांक 6.7.2006 को वादी को सुपुर्द कर दिया, अतः अपीलान्ट ने रेस्पोंडेंट संख्या 4 को पक्षकार के रूप से हटाये जाने की प्रार्थना इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की, जिस पर तदनुसार आदेश किया गया।

8. इससे पहले कि हम इस अपील में उठाए गए प्रश्नों पर निर्णय लें हम वसीयत (Exh.A1) की अंतर्वस्तु को पुनः उललेखित करना चाहेंगे, जो इस प्रकार हैः

> "मैं, पुलारवती वेंकट सुब्बा राव, पुत्र स्वर्गीय पुलारवती वेंकम्मा वैश्य, ओ;व्यापार, आर/ओ राजमुंदरी, वसीयत दिनांक 24.08.1920 को पूर्ण चेतना और विवेक के साथ निष्पादित करता हूँ।
>
> मैं लगभग 53 वर्ष का हो गया हूँ। अब मैं कमजोर हो गया हूँ और इसके परिणामस्वरूप मैं अधिक समय तक

जीवित नहीं रह सकता हूँ, इसलिए मैंने निम्नलिखित अपनी समस्त चल और अचल संपत्तियाँ को इस वसीयत के माध्यम से देने का निर्णय किया है। मेरी पहली पत्नी की निःसंतान मृत्यु हो गई। मेरी दूसरी पत्नी को दो बेटे मनिकयारो और नरसिम्हा राव और एक पुत्री नागरथनाममा उत्पन्न हुए हैं। इसके बाद मैंने अपनी तीसरी पत्नी वीराघवम्मा से शादी की। वह जीवित है। उसने किसी बच्चे को जन्म नहीं दिया है। मेरे पास एक मकान हैं, जिस पर नगर पालिका का D.No.6/875 अंकित है, एक अन्य मकान जिस पर नगर पालिका का D.No.6/876 अंकित है और 5 दुकानें जिससे सटी हुई मकान संख्या 6/870 की खुली जगह इनेसपेटा, राजमुंदरी गाँव, राजमुंदरी उप रजिस्ट्री, ई. जी. जिला में स्थित हैं। मेरे पास 15.17 सेंट रकबा की गीली जमीन रुस्तुम्बादा गाँव नरसपुरम उप रजिस्ट्री, नरसपुरम तालुका में स्थित है। उक्त संपत्ति मेरी दूसरी पत्नी के नाम पर थी और उसके मृत्यु पश्चात ऊपर बताए गए मेरे दो बेटों के नाम नामांतरित हुई।

मेरे पास ओरिएंटल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की एक पॉलिसी संख्या 23232 है जिससे मुझे रुपये प्राप्त होने हैं तथा चांदी, सोना, पीतल के घर के बर्तन बीरूवा, फर्नीचर,

लोहे की तिजोरी आदि हैं. मैंने निम्न लिखित व्यवस्था की है जो मेरे मेरे जीवनकाल के बाद अमल मैं आएंगी।

मेरी तीसरी पत्नी वीराघवम्मा को टाइल वाले मकान व उसके साथ साइट और परिसर की दीवार और राजमुंदरी स्थित नगरपालिका मकान संख्या D.No.6/875, से ढंका हुये कुएँ का आधा अधिकार प्राप्त होगा और मेरी पत्नी की मृत्यु के बाद मेरे 2nd पुत्र नरसिम्हा राव को संपत्ति दान, विक्रय आदि के सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त होंगे। मेरे दूसरे नंबर के पुत्र पी नरसिम्हा राव के पास, उक्त संपत्ति जिसमे टाइल वाले मकान संख्या 6 / 876 और मकान संख्या 6/870 द्वारा घेरी गई 5 दुकान के कमरे और उक्त दोनों सम्पत्तियों से सटी हुई कोठरी एवं चावडी और दो में से एक बड़ी लेट्रिन शामिल हैं, को दान, विक्रय वगेरह करने के सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त होंगे और मेरी पत्नी वीराघवम्मा मकान संख्या 6/870 की छोटी लेट्रिन को जीवन भर उपयोग व उपभोग कर सकेगी और उसकी मृत्यु पश्चात मेरे बेटे नरसिम्हा राव को उक्त संपत्ति को बेचान, दान आदि करने के सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त होंगे। उक्त वीरराघवम्मा को मकान संख्या 6/870 के पीछवाड़े में स्थित कुएँ से पानी भरने का अधिकार प्राप्त होगा। मेरे सबसे बड़े पुत्र मनियराओ को

रुस्तुम्बाड़ा गाँव नरसापुरम तालुका में स्थित ज़ेरोईटी गीली भूमि रकबा 15.17 सेंट्स के संबंध में बेचान, दान आदि सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त होंगे और मेरे सबसे बड़े बेटा मणियाराव Rs.650/- का भुगतान मेरी पत्नी को करेगा जिसका भुगतान करने के लिए मैं उत्तरदायी हूँ। इस प्रकार नागरत्नम्मा या किसी और को उक्त संपत्ति पर कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

बीमा कंपनी से प्राप्त होने वाली राशि को वसूल कर मेरे दोनों बेटों, मेरी बेटी और मेरी पत्नी के बीच बराबर बराबर बांटी जाएगी। और यह कि उनके पास पड़े गहने पर उनका सम्पूर्ण अधिकार होगा और कोई भी इसके संबंध में कोई दावा नहीं कर सकेगा।

मैंने यह वसीयत अपनी स्वस्थ और पूर्ण इंद्रियों के साथ निष्पादित की है जो कि मेरे जीवनकाल समाप्त होने पर अमल में आएगी। इस वसीयत में उल्लेखित समस्त संपत्तियाँ मेरी स्वअर्जित हें और मुझे कोई पुश्तैनी संपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।

मैं इस वसीयत को अपने जीवन काल में बदलने के सभी अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता हूँ।

हस्ताक्षरित पुलारवती वेंकट सुब्बा राव

अनुप्रमाणित साक्षी

मोडाली सुब्बारायुडु

येंदी सुरैया

पुलारवती वेंकट सुब्बा राव द्वारा अपनी खुद की लिखावट से लिखित

उक्त वसीयत कि अंतर्वस्तु मेरी मृत्यु पश्चात लागू होगी।

पुलारवती वेंकट सुब्बाराव द्वारा हस्ताक्षरित"

9. हालाँकि निचली अदालत ने इस न्यायालय के वी. तुलासम्मा और अन्य बनाम शेष (ए.आई.आर.1977 एस.सी.1944) के मामले कि तरफ ध्यान आकर्षित किया लेकिन यह निर्णीत किया कि उक्त मामले में राजीनामा के आधार पर हिन्दू विधवा को स्पष्ट रूप से भरण पोषण के बदले में अचल संपत्ति प्राप्त हुई थी, और इसीलिए अधिनियम कि धारा 14(1) आसानी से उक्त प्रकरण में लागू हुई थी। जबकि, निचली अदालत ने इस न्यायालय के मास्टर कर्मी बनाम अमरू व अन्य (ए. आई. आर. 1971 एस. सी. 745) के मामले में दिये गए निर्णय को इसलिए हस्तगत प्रकरण में लागू माना क्योंकि उक्त प्रकरण में हिन्दू विधवा वसीयत में प्राप्त अधिकार के आधार पर अपने पति की संपत्तियों का उत्तराधिकारी बनी थी।

इसे और अच्छे से समझने के लिए निचली अदालत के निर्णय के पैराग्राफ 25, 26 और 27 का उल्लेख इस प्रकार किया जाता हैः

"25. प्रतिवादी संख्या 1 के वकील ने हनुमयम्मा बनाम ताडीकमल्ला कोटिलिंगम (1986 (1) ALT.546) पर भारी निर्भरता रखी, मात्र यही निर्णय है जिसमे यह तय किया गया था कि यह आवश्यक नहीं है कि वसीयत या अन्य कोई भी दस्तावेज़ जिसमे सम्पत्तियों का हस्तांतरण किसी हिन्दू महिला को किया गया हे उसमे यह स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि संपत्ति का हस्तांतरण किसी पूर्व-विद्यमान अधिकार अथवा भरण पोषण के अधिकार के रूप में किया गया हे और मात्र यही पर्याप्त है कि जिस दिन दस्तावेज़ निष्पादित हुआ है उस दिन हिन्दू महिला के पक्ष में सिर्फ अधिकार मौजूद था। यह निर्णय उच्च न्यायालय के एकल जज द्वारा पारित किया गया था। यह ऐसा मामला था जहा उच्च न्यायालय हिन्दू महिला को वसीयत से प्राप्त संपत्ति के संबंध में विवेचना कर रही थी।

26. वद्देबोयना तुलसम्मा बनाम वद्देबोयना सेशा रेड्डी(AIR 1977 SC 1944) के मामले में एक हिन्दू विधवा को मृतक पति के भाइयों के विरुद्ध भरण पोषण की डिक्री प्राप्त की थी और वह भरण पोषण की प्राप्ति के लिए उक्त

डिक्री का निष्पादन करवा रही थी। इसी समय के दौरान हिन्दू विधवा और मृतक के भाइयों के बीच एक समझौता तय पाया गया था जिसमे हिन्दू विधवा को अचल संपत्ति को हस्तांतरण के सीमित अधिकारों के साथ उपयोग एवं उपभोग के लिए दी गई थी। यह एक ऐसा मामला था जहाँ हिंदू विधवा को भरण पोषण और भरण पोषण की डिक्री की संतुष्टि के बदले में स्पष्ट रूप से संपत्ति दी गई थी। इसलिए, अधिनियम की धारा 14 (1) मामले में आसानी से लागू होती है। दूसरी ओर, मास्टर कर्मी बनाम अमरो (ए. आई. आर. 1971 एस. सी. 745) के मामले में हिंदू विधवा को एक वसीयत, जिसमे उसे संपत्ति का अधिकार दिया गया था, के आधार पर अपने पति की संपत्तियों प्राप्त करने में सफल हुई थी। इन परिस्थितियों में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि हिंदू विधवा जो वसीयत के बल पर अपने पति की संपत्तियों को प्राप्त करने में सफल रही हे, और वसीयत से प्राप्त उक्त संपत्ति पर वह किसी भी अधिकार का दावा नहीं कर सकती हे, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत वसीयत से प्राप्त संपत्ति एक पूर्ण संपत्ति नहीं बन सकती है।

यह निर्णय उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीशों द्वारा दिया गया था।

इस निर्णय का ऊपर उल्लिखित वर्ष 1977 के मामले में संदर्भित नहीं किया गया था। वर्ष 1977 का निर्णय भी सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों द्वारा दिया गया था। जब उच्चतम न्यायालय के बाद का निर्णय हस्तगत मामले के तथ्यों से मेल खा रहे हैं, तब वर्ष 1977 के उच्चतम न्यायालय का निर्णय वर्तमान मामले के तथ्यों पर लागू नहीं किया जा सकता।

27. श्रीमती कुलवंत कौर बनाम मोहिंदर सिंह (ए. आई. आर. 1987) एससी 2251) के मामले में अधिनियम की धारा 14 (1) के प्रावधान को लागू किया गया था क्योंकि यह एक ऐसा मामला था जहाँ हिंदू महिला को स्पष्ट रूप से भरण पोषण के अनुसरण में संपत्ति का कब्जा प्रदान किया गया था। इसी तरह, गुरदीप सिंह बनाम अमर सिंह (1991 (1) L.W.15) में बताए गए निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने अधिनियम की धारा 14 (1) के प्रावधानों को लागू किया गया जहां पत्नी ने स्पष्ट रूप से भरण पोषण के बदले में अपने पति से उपहार के रूप में संपत्ति अर्जित की थी। बाई वाजिया बनाम ठाकुरभाई चेलभाई (ए. आई. आर. 1979

एस. सी. 993) में भी हिंदू विधवा ने भरण पोषण की राशि के भुगतान में चूक करने के कारण संपत्ति पर कब्जा प्राप्त किया था। इसलिए, उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में धारा 14 (1) के प्रावधानों को लागू किया।"

10. इस न्यायालय द्वारा ऊपर उद्धृत निर्णय और उच्च न्यायालय के अन्य निर्णयों में तय किए गए अनुपात के आधार पर निचली अदालत ने माना कि प्रदर्शनी ए-2 के तहत वीराघवम्मा को प्राप्त संपत्ति के सीमित अधिकार को हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम धारा 14 (1) के तहत संपत्ति के पूर्ण अधिकार में तब्दील नहीं किया जा सकता और वादग्रस्त संपत्ति में नरसिम्हा राव के निहित शेष हित को समाप्त नहीं किया जा सकता।

11. अपील में, उच्च न्यायालय ने, विचारण न्यायालय द्वारा नोट किए गए इस न्यायालय के निर्णयों में और इस न्यायालय के अन्य निर्णयों में तय किए गए अनुपात पर चर्चा करने के बाद विचारण न्यायालय के इस निष्कर्ष को उलट दिया कि मामला धारा 14 (1) के अधीन आता है और वीराघवम्मा पूर्ण मालिक बन गई थी और उसे वादग्रस्त संपत्ति को प्रथम प्रतिवादी पी. सुब्बा राव के पक्ष में जरिये प्रदर्श बी-1 और बी-2 वसीयत करने का पूरा अधिकार प्राप्त था

उच्च न्यायालय ने कहा किः

"माननीय न्यायमूर्ति जगन्नाथ राव के उपरोक्त आधिकारिक निर्णय के बाद सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किए गए कई निर्णयों को ध्यान में रखते

हुए मेरी राय है कि विचारण न्यायालय द्वारा दिया गया यह तर्क, कि चूंकि प्रदर्श A2 में ऐसा कोई शब्द अंकित नहीं है की उक्त संपत्ति पूर्व-विद्यमान अधिकार या भरणपोषण के अधिकार के रूप में दी गई है, ऐसे में यह अधिकार पूर्ण संपत्ति के अधिकार में तब्दील नहीं हो जाता है, बहुत ही अप्रासंगिक है और उपरोक्त निर्णयों के बिल्कुल विपरीत है। केवल इसलिए कि वीरराघवम्मा को पी. नरसिम्हा राव (वादी का विक्रेता) का संरक्षक नियुक्त किया गया था- यह नहीं कहा जा सकता था कि वीरराघवम्मा के पास संपत्ति के संबंध में कोई पूर्व विद्यमान अधिकार या भरण पोषण का अधिकार प्राप्त नहीं था, जिससे उसके पक्ष में सीमित अधिकार सृजित किया गए थे। वादी के विक्रेता के पास, उसके नैसर्गिक पिता की मृत्यु के बाद, प्रश्नगत संपत्ति के अलावा भी संपत्ति थी और वीरराघवम्मा को उसके संरक्षक के रूप में नियुक्त क्या गया था। वादी के विक्रेता के व्यसकता प्राप्त करने के तुरंत बाद संरक्षता समाप्त हो गई और वह अपनी चल अचल संपत्ति की सार संभाल खुद से करने लगा। यह बिलकुल भी नहीं कहा जा सकता कि वीरराघवम्मा के पक्ष में संपत्ति का आधिकार सबसे पहले वसीयत प्रदर्श A2 से उत्पन्न हुआ, निस्संदेह, उसके पास अपने पति से भरण पोषण प्राप्त करने का एक पूर्व-विद्यमान अधिकार प्राप्त था, इसलिए, यह उसके पति का कर्तव्य था कि पत्नी के जीवनकाल के दौरान उसका पालन-पोषण करे। हालांकि Ex.A2 में ऐसा कोई विशिष्ट शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है कि भरण पोषण के बदले संपत्ति में अधिकार उत्पन्न हुआ हे, परंतु धारा 14 (1) के तहत एक हिंदू महिला के पक्ष में किसी भी

रूप में उत्पन्न एक सीमित अधिकार, जिसके पास भरण पोषण प्राप्त करने का पूर्व-विद्यमान अधिकार प्राप्त है, 1956 के अधिनियम के लागू होने के ठीक बाद सम्पूर्ण अधिकार में तब्दील हो जाता है।

जैसे वीरराघवम्मा अधिनियम की धारा 14 (1) के आधार पर पूर्ण स्वामी बन गई। उसे प्रतिवादी संख्या 01 के पक्ष में वसीयत प्रदर्श बी 1 और प्रदर्श बी2 करने का अधिकार निहित था। इसलिए पी॰ नरसिम्हा राव को प्राप्त निहित अधिकार निरस्त हो गए, और उसे विक्रय पत्र प्रदर्श A1 से वादी के पक्ष में उक्त संपत्ति विक्रय करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं था। जैसा कि वीरराघवम्मा को प्राप्त सीमित अधिकार सम्पूर्ण अधिकार में विकसित हो गए, उक्त संपत्ति को Exs.B1 और B2 के तहत प्रतिवादी को वसीयत करना कानूनी और वैध है। मामले के उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, मेरी राय में वीरराघवम्मा को अपने जीवनकाल के दौरान प्राप्त सीमित अधिकार हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के लागू होने के बाद धारा 14 (1) के परिप्रेक्ष्य में एक पूर्ण अधिकार में तब्दील हो गया और वादी के विक्रेता के पक्ष में उत्पन्न निहित अधिकार को रद्द किया जाता है।

12. अपीलार्थी की ओर से उपस्थित विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता श्री के. वी. विश्वनाथन, ने अपने तर्क को विधि के इस प्रश्न तक सीमित रखा कि क्या उच्च न्यायालय ने अधिनियम की धारा 14 (1) के प्रावधान लागू करते हुये संपत्ति में विधवा वीराघवम्मा को सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त होने का

निर्णय कर विधि की भूल की है। विद्वान अधिवक्ता ने निम्नलिखित बहस की :

> "(i) धारा 14 (1) की व्याख्या इस अर्थ में नहीं की जा सकती है कि प्रत्येक वसीयत जो किसी संपत्ति में किसी विधवा को सीमित/आजीवन अधिकार प्रदान करती है, वह उसे भरण-पोषण के बदले में ही प्राप्त होना माना जाएगा। यदि वसीयतकर्ता अपनी वसीयत में विशेष रूप से उल्लेख करता है कि वह विधवा को उसके जीवन काल के लिए ही अपनी संपत्ति को उपयोग एवं उपभोग करने का सीमित अधिकार दे रहा है, तब वसीयतकर्ता को विधवा के अधिकार सीमित करने के अधिकार को हिंदू उत्तराधिकार की धारा 14 (2) के द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, वसीयतकर्ता का अपनी संपत्ति को वसीयतनामा द्वारा या अन्य किसी प्रकार से वसीयत करने के अधिकार को हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 30 द्वारा मान्यता प्रदान करता है। इसलिए, हिंदू उत्तराधिकार की धारा 14 (1) अधिनियम, 1956 की व्याख्या इस तरह से नहीं की जा सकती है कि वह उसी अधिनियम की धारा 14 (2) और धारा 30 को नाकारा कर दे।

(ii) मास्टर कर्मी बनाम अमरू और अन्य (1972) 4 एससीसी 86), में इस न्यायालय की 3 न्यायाधीश पीठ ने इस आशय का निर्णय दिया कि एक विधवा जो वसीयत के बल पर अपने मृत पति की संपत्ति की उत्तराधिकारी बनी है वह वसीयत द्वारा प्रदत्त संपत्ति के अलावा अन्य संपत्ति पर किसी भी अधिकार का दावा नहीं कर सकती है।

वसीयत के तहत उसे जीवन काल में उपयोग एवं उपभोग करने के लिए दी गई संपत्ति हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत पूर्ण संपत्ति नहीं बन सकती है।

(iii) वी. तुलसम्मा बनाम शेषा रेड्डी (1977) 3 एस. सी. सी.99, के मामले में इस न्यायालय ने धारा 14 की उप-धारा (1) और (2),के बीच के अंतर को स्पष्ट किया, और फिर वसीयतकर्ता को अपनी पत्नी को संपत्ति में जीवन काल में उपयोग एवं उपभोग करने के अधिकार को सीमित किया गया। विद्वान वकील ने तुलसम्मा मामले के निर्णय के पैरा 62 का उल्लेख किया।

(iv) वी. तुलसम्मा के मामले में एक राजीनामा डिक्री अंतर्निहित थी जो कि विधवा द्वारा अपने मृत पति के भाइयों के विरुद्ध निर्वसियत उत्तराधिकार के प्रकरण में प्राप्त

भरण पोषण की डिक्री से उत्पन्न हुई थी। उक्त प्रकरण में वसीयतनामा उत्तराधिकार की स्थितियों की विवेचना नहीं हुई थी। इसलिए, तथ्यों के मद्देनजर, यह वसीयतनामा के मामलों में लागू नहीं हो सकती है। तथापि, उक्त मामले में प्रतिपादित विधि के संदर्भ में, एक संदेह उत्पन्न हो सकता था कि क्या धारा 14(1) वसीयत के प्रत्येक मामले में लागू होगी जिसमे विधवा को संपत्ति में उपयोग एवं उपभोग के सीमित अधिकार इस आधार पर दिये गए हैं कि विधवा के पास भरण पोषण का पूर्व विद्यमान अधिकार प्राप्त था।

(v) इस संदेह को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा साधु सिंह बनाम गुरुद्वारा साहिब नारिके, (2006) 8 के मामले में हल किया गया था जहां पैरा 13 और 14 में यह निर्णीत किया गया था कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 30 के तहत प्राप्त अधिकार को धारा 14 (1) की व्यापक व्याख्या द्वारा नाकारा नहीं किया जा सकता है और इन दोनों प्रावधानों के मध्य संतुलन होना चाहिए।

(vi) उपरोक्त दृष्टिकोण की बाद में इस न्यायालय द्वारा पुष्टि कि गई थी। शरद सुब्रमण्यन बनाम सौमी मजूमदार व अन्य (2006) 8 एस. सी. सी. 91 (पैरा 20 पर), इस न्यायालय ने रेस्पोंडेंट्स के विद्वान वकील के तर्क को

बरकरार रखा कि विधि में ऐसी कोई प्रस्थापना नहीं है की हिन्दू महिला को दी गई सभी संपत्तियां अनिवार्य रूप से भरण पोषण के अधिकार की स्वीकार्यता में प्राप्त हुई हैं, फिर चाहे वह शास्त्रीय हिंदू कानून के तहत हो या विधि द्वारा स्थापित कानून के तहत हो।

(vii) विद्वान वकील द्वारा शिवदेव कौर बनाम आर. एस. ग्रेवाल के मामले में पैरा 14 को उद्धृत किया।

(viii) साधु सिंह के मामले में दर्ज कानून की स्थिति जिसका बाद में अनुगमन किया गया है, अतः यह प्रतीत होता है कि यह प्रश्न कि धारा 14 (1) एक विधवा को अपने जीवन काल में संपत्ति को उपयोग एवं उपभोग करने कि वसीयत पर होती है या नहीं वह न्यायालय द्वारा निकाले गए इस निष्कर्ष पर निर्भर करती है कि अधिकार भरण पोषण के एवज़ में प्राप्त हुआ है। अब यह दूसरी बहस की तरफ ले जाता है।"

13. विद्वान वरिष्ठ वकील श्री विश्वनाथन, का तर्क है कि वसीयत के माध्यम से विधवा को संपत्ति में उपयोग एवं उपभोग का अधिकार वास्तव में उसके भरण पोषण के एवज़ में प्राप्त हुआ है, के तथ्य का स्पष्ट रूप से अभिवचन किया जाए, साबित किया जाए और अभिलेख पर आई साक्ष्य और सामग्री के आधार पर परीक्षण करने के बाद निर्णय किया जाए।

14. इसके अलावा, जी. राम बनाम टी. जी. शेषगिरी राव, (2008) 12 एस. सी. सी. 392, के निर्णय के पैरा 17, 22 और 24 का उल्लेख करते हुए विद्वान वकील ने तर्क दिया कि यह आवश्यक है कि तनकीयात कायम की जाये, और विशेष रूप से साक्ष्य प्रस्तुत की जाये कि वसीयत में भरण पोषण के बदले संपत्ति में अधिकार दिया गया है।

15. हिन्दू विधि का यह स्थापित सिद्धान्त हें कि पति का यह निजी दायित्व हे कि वह अपनी पत्नी का भरण पोषण करे और यदि पति के पास संपत्ति हे तो पत्नी को उक्त संपत्ति में से भरण पोषण प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है । यह भी स्थापित सिद्धान्त हे कि हिन्दू महिला का भरण पोषण का अधिकार मात्र कोई औपचारिकता नहीं है जिसे सिर्फ रियायत, अनुग्रह अथवा उपकार के रूप में इस्तेमाल किया जाए, परंतु यह एक मूल्यवान, आध्यात्मिक और नैतिक अधिकार है। हालांकि एक विधवा का भरण पोषण प्राप्त करने का अधिकार, उसके पति कि संपत्ति पर कोई अधिकार पैदा नहीं करता हे लेकिन निश्चित रूप से एक विधवा भरण पोषण का अधिकार उत्पन्न कर न्यायालय से भरण पोषण की डिक्री प्राप्त कर सकती हे।

16. हिंदू विवाहित महिला का प्रथक, भरण पोषण और निवास का अधिकार अधिनियम, 1946 बनाकर ऐसे अधिकार को वैधानिकता दी गई थी, और, इसलिए, इसमे कोई संदेह नहीं हे की भरण पोषण का अधिकार पहले से ही मौजूद एक अधिकार है।

17. वी. तुलसम्मा और अन्य बनाम शेषा रेड्डी, AIR 1977 एस. सी. 1944, में इस न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने विस्तृत रूप से माना कि एक हिंदू महिला का भरण पोषण का अधिकार एक पूर्व-विद्यमान अधिकार है। माय लॉर्ड जस्टिस फज़ल अली ने फैसला लिखते हुए सबसे पहले कहाः

> "इस प्रकार ऊपर उल्लिखित नज़ीरों और इस विषय पर शास्त्रीय हिन्दू विधि का सावधानीपूर्वक विचार और विस्तृत विश्लेषण करने पर एक हिंदू महिला के भरण-पोषण के अधिकार के संबंध में घटनाओं और विशेषताओं पर निम्न प्रस्थापना उत्पन्न होती हैं :
>
> (1) कि एक हिंदू महिला का भरण-पोषण का अधिकार जहाँ तक पति का संबंध है, एक व्यक्तिगत दायित्व है, और यह उसका कर्तव्य है कि वह उसकी देखभाल करे, भले ही उसके पास कोई संपत्ति न हो। यदि पति के पास संपत्ति है तो विधवा का भरण-पोषण का अधिकार उसके ऊपर एक न्यायसंगत प्रभार बन जाता है और उस व्यक्ति पर भी विधवा महिला के भरण पोषण का कानूनी दायित्व होता है जो उस संपत्ति का उत्तराधिकारी बनाता है।
>
> (2) यद्यपि विधवा का भरण-पोषण का अधिकार संपत्ति का अधिकार नहीं है, लेकिन यह निस्संदेह एक पूर्व-विद्यमान

अधिकार है अर्थात यह एक jus ad rem ना कि jus in rem है और इसे उस विधवा द्वारा लागू किया जा सकता है जो कि संपत्ति के विरुद्ध अधिकार उत्पन्न कर सकती है या तो समझौता से या दीवानी अदालत से डिक्री प्राप्त करके;

(3) कि भरण पोषण का अधिकार अति महत्वपूर्ण है और इतना महत्वपूर्ण है कि संयुक्त संपत्ति होने पर जब भी संपत्ति को बेचा जाता है और खरीददार को विधवा के भरण पोषण के अधिकार का ज्ञान है, तब खरीददार कानूनी रूप से भरण पोषण प्रदान करने के लिए बाध्य होगा।

(4) कि भरण पोषण का अधिकार निस्संदेह एक पूर्व विद्यमान अधिकार है जो 1937 के अधिनियम या 1946 के अधिनियम के पारित होने से भी बहुत पहले से हिंदू शास्त्रीय कानून में मौजूद था और इसलिए, एक पूर्व-विद्यमान अधिकार है;

(5) कि भरण पोषण का अधिकार सामाजिक और पति पत्नी के मध्य लौकिक संबंध से प्रवाहित होता है, जिसके आधार पर पत्नी एक तरह से उसके पति की संपत्ति में सह स्वामिनी बन जाती है, हालांकि उसका सह स्वामित्व अधीनस्थ प्रकृति का है; और

